## आज का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार छह सितंबर को आसमान में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है। मौसम में आर्द्रता 75 प्रतिशत के आसपास और हवा की रफ्तार 15 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| बोकारो | | |
| 6 सितंबर | 32 | 25 |
| 7 सितंबर | 32 | 25 |
| धनबाद | | |
| 6 सितंबर | 33 | 24 |
| 7 सितंबर | 33 | 25 |
| गिरिडीह | | |
| 6 सितंबर | 32 | 25 |
| 7 सितंबर | 31 | 25 |

डिग्री सेल्सियस में

## प्रणाम

जिस व्यक्ति के अंदर धैर्य नहीं है, उसका ना तो कोई वर्तमान है और ना ही कोई भविष्य।

चाणक्य

बुधवार, भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेक्टर दो ए में श्रीराधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन, सुबह 7:00 बजे से।
- फुसरो में अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ, सुबह 10 बजे से।
- केबी कालेज में नामांकन को लेकर स्पेशल ड्राइव का आयोजन, सुबह 10 बजे से।
- बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर एक स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा रस वृष्टि कार्यक्रम का आयोजन, अपराह्न 3:00 बजे से।
- ढोरी में संयुक्त मोर्चा की बैठक, शाम चार बजे से।
- सीसीएल बीएंडके प्रबंधन की बैठक, शाम पांच बजे से।
- सीसीएल कथारा में प्रबंधन की बैठक, शाम पांच बजे से।
- बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर दो बी श्रीकृष्ण मोड़, सेक्टर चार व सेक्टर 12 सी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजनोत्सव का आयोजन, रात्रि 8:00 बजे।
- बालीडीह स्टेशन रोड एवं स्टेशन रोड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजनोत्सव का आयोजन, रात्रि 8:00 बजे।

## सदर अस्पताल में ओपीडी सेवा आज

सुबह नौ से तीन बजे तक

- इमरजेंसी व वार्ड : डा. वी महालक्ष्मी व डा. रवींद्र।
- पुरुष ओपीडी : डा. संजीव व डा. तुलिका।
- शिशु रोग : डा. पी भूषण।
- चर्म रोग : डा. सफी।
- दंत रोग : डा. श्वेता व डा. विकास।
- हड्डी रोग : डा. आरपी सिंह।
- मनोरोग विभाग : डा. प्रशांत।

बी शिफ्ट (दिन तीन बजे से रात नौ बजे तक) : डा. डा. एके झा।

नाइट शिफ्ट (रात नौ से सुबह नौ बजे तक) : डा. अरविंद।

# चास में पेयजल स्वच्छता विभाग के स्टोर में डाका

## गार्ड की सतर्कता से पकड़ाया एक डकैत, लूटे गए पाइप समेत तीन वाहनों को भी पुलिस ने बरामद किया



मालवाहक के पास खड़ी कार को क्रेन से जब्त कर थाना ले जाती पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, बोकारो: बोकारो में चोरों का दुस्साहस पेयजल स्वच्छता विभाग की चुनौती बढ़ा रहा है। इस कारण हर-घर नल योजना का काम पूरा करना मुश्किल हो गया है। पहले चंदनकियारी में चोरों ने जलापूर्ति पाइप चोरी किया था। इस घटना के बाद एक माह के भीतर ही चास थाना क्षेत्र के पेयजल स्वच्छता विभाग के स्टोर में सोमवार की रात छह की संख्या में आए डकैतों ने गार्ड को बंधक बनाकर जलापूर्ति पाइप चोरी करने का प्रयास किया।

बोकारो आइटीआइ मोड़ के समीप स्थित पीएचईडी के कार्यालय में देर रात पहुंचे डकैतों ने गार्ड अलख पासवान को जान से मारने की धमकी देकर गार्ड रूम में कैद कर दिया। इसके बाद लोहे की पाइप को टाटा-407 मालवाहक पर लोड कर डकैत वहां से निकल गए। उनके जाने के बाद गार्ड ने घटना की जानकारी फोन पर विभाग के अधिकारियों को दी। विभाग के कार्यपालक अभियंता रामप्रवेश राम को भी फोन कर सारी बात बताई। कार्यपालक अभियंता ने डीसी व एसपी की गोपनीय शाखा में फोन किया। वहां से चास थाने को फोन कर सूचना दी गई। खबर मिलने पर तत्काल चास थाने की पेट्रोलिंग टीम पहुंची। इधर, स्टोर से भागे डकैत थोड़ी दूर जाकर रुके थे। इसी बीच पेट्रोलिंग टीम पहुंची और वाहन समेत एक को दबोच लिया। वहीं उसके अन्य साथी फरार हो गए। मौके से पुलिस ने पाइप लदा 407 मालवाहक संदिग्ध अवस्था में खड़ी एक कार तथा एक स्कूटी को जब्त किया है। मामले की छानबीन चल रही है। पुलिस इस बात का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जब्त कार व स्कूटी डकैतों की ही है या किसी अन्य की। मामले में मंगलवार रात तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

इस संबंध में कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम ने बताया कि अपराधियों का गिरोह एक बार पूर्व में भी लूटपाट का प्रयास कर चुका है। उन्होंने कहा कि इस घटना से विभाग के कर्मचारी सहमे हुए हैं।

## बीईओ के घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

- चास के कृष्णापुरी कालोनी में वारदात को दिया अंजाम
- बिहार के रोहतास में है अधिकारी सरोज की तैनाती
- चास के घर में बेटा कर रहा था प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी
- यदुवंश नगर स्थित चाचा के घर गया तो चोर ले भागे गहने

जागरण संवाददाता, बोकारो: चास के कृष्णापुरी कालोनी गुरुद्वारा रोड गली नंबर चार निवासी सरोज कुमार के घर का ताला तोड़ चोरों ने 10 लाख रुपये मूल्य के गहने चुरा लिये। सरोज कुमार बिहार के रोहतास में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद पर तैनात हैं। चास स्थित घर में इनका पुत्र सौरभ कुमार रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। बीते शनिवार को वह अपने घर में ताला बंद कर यदुवंश नगर में अपने चाचा प्रमोद कुमार के यहां गया था। वापस लौटा तो घर का ताला कटा हुआ मिला। सोमवार की रात उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस को अभी कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उनकी पत्नी व मां बिहार के रोहतास में रह रही हैं। चास के घर में बेटा था। घर पर मां व पत्नी के गहने थे। बेटा उनके भाई के यहां चला गया। लौटा तो देखा कि घर का ताला कटा हुआ है। भीतर के कमरों में रखी तीन अलमारी का ताला टूटा था। घर का सभी सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखी स्मार्ट वाच, सोने की दो चेन, एक मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, चार चूड़ी, चार झुमका, एक लाकेट, मांगटीका समेत चांदी के गहने भी चोर ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सेक्टर 12ए में गिरा जर्जर आवास का छज्जा, दहशत



सेक्टर 12 ए आवास संख्या 2019 का टूटकर गिरा छज्जा • जागरण

जागरण संवाददाता, बोकारो: बोकारो इस्पात नगर के विभिन्न सेक्टर में एक ओर मकान का अनुरक्षण किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बारिश में सेक्टर 12 के मकान के छज्जे ढह कर गिर रहे हैं। मंगलवार अलसुबह सेक्टर 12ए में आवास संख्या 2019 का छज्जा गिर गया। सुबह का वक्त होने के कारण हादसे में किसी को कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन इससे लोगों में दहशत है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कमलेश राय ने कहा कि बरसात के दिनों में सेक्टर 12 के विभिन्न मोहल्ले में मकान का छज्जा गिर जाता है। इससे मकान में रहने वाले लोग परेशान रहते हैं।

## सिटी थाना में जानलेवा हमले की प्राथमिकी

जासं, बोकारो: सिटी थाना की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी की है। सेक्टर वन बी निवासी चंद्र प्रकाश ने जावेद, मोहन, आदिल समेत अन्य पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए कोर्ट में परिवाद दर्ज कराया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोप में प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है।

अलकारी देवी हॉस्पिटल, धनबाद
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीतू कुमारी सिंह
MBBS, MD, (R.I.M.S), F.M.A.S
NABH द्वारा स्वीकृत अस्पताल
QCI
Mob: 7520091580, 7520091581

## झगड़े का वीडियो बनाने के संदेह में आटो चालक को भरदम पीटा

जासं, बोकारो: बोकारो रेलवे स्टेशन के बाहर उकरीद निवासी आटो चालक नाज अहमद को कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। हमलावर पहले आपस में झगड़ रहे थे। उसी दौरान नाज अहमद यात्रियों को उतारकर स्टेशन परिसर से बाहर निकल रहा था। बाहर लड़ाई होती देख वह रुक कर देखने लगे। इसी बीच उसके मोबाइल पर काल आने पर वह फोन निकालकर बात करने लगा तो हमलावरों ने यह समझ लिया कि वह झगड़े की वीडियो रिकार्डिंग कर रहा है। आटो चालक ने कहा कि इसपर आठ-दस लोग उसकी ओर आए और उससे उलझ गए। सबने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसका मोबाइल भी छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया।

मामले में नाज की शिकायत पर बालीडीह थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की है। आरोपितों की तलाश में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू किया है। देर शाम तक ठोस सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग सका था।

## शादी का झांसा दे दुष्कर्म में युवक दोषी करार



- अदालत ने सजा के बिंदु पर 12 सितंबर को निर्धारित की सुनवाई की तारीख
- अभियोजन ने अपना पक्ष मजबूत करने के लिए कोर्ट में कराई छह लोगों की गवाही

जागरण संवाददाता, बोकारो: अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ योगेश कुमार सिंह की अदालत ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित मोहन किस्कू को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अदालत ने 12 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। गोविंद मार्केट बालीडीह निवासी मोहन के खिलाफ महिला थाना में युवती ने प्राथमिकी कराई थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार राय ने बहस की। अभियोजन ने छह गवाहों की गवाही अदालत में कराई। युवती की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में वर्ष 2021 में 17 मई को प्राथमिकी की थी। युवती ने बताया था कि 2013 में स्कूल जाते समय मोहन से उसका परिचय हुआ। शादी का झांसा देकर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में पता चला कि वह कहीं और शादी कर रहा है। इसपर वह अपनी मां के साथ उसके घर पहुंची। उस दौरान मोहन के घर पर पंचायत भी हुई, लेकिन वह शादी को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद युवती ने महिला थाना में मोहन के खिलाफ प्राथमिकी कराई। पुलिस ने प्राथमिकी कर अनुसंधान शुरू किया और मोहन के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया। अदालत में इसके बाद विचारण शुरू हुआ तो युवक को दोषी पाया गया।

असर्फी कैंसर संस्थान
" स्वास्थ्य की दिशा में एक नई क़दम "
सभी प्रकार के कैंसर का इलाज एक ही छत के नीचे
9297970030
असर्फी हेल्थ एड्डू सिटी, रंगुनी रोड, रंगुनी, भूली धनबाद - 828117

## नौकरी ज्वाइन करने के दूसरे दिन ही मिला शव



समीर का फाइल फोटो • सौ: स्वजन

संवाद सहयोगी, कसमार: कसमार थाना क्षेत्र के दांतू निवासी विवेकानंद नायक के पुत्र 28 वर्षीय समीर कुमार का शव कोयंबटूर में फंदे से लटकता मिला है। वह तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित कारूण्या इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड साइंसेस में कार्यरत था।

बताया जाता है कि समीर ने वहां एक दिन पहले ही वार्डन के रूप में योगदान दिया था। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक दरवाजा बंद रहा तो संस्थान के कर्मियों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर उसका शव बेल्ट के सहारे फंदे से लटक रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर संस्थान के ही अधीन संचालित अस्पताल के मार्चरी में रखा है। घटना की जानकारी मिलने पर स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, स्वजन ने समीर के खुद फांसी लगाने की बात से इन्कार किया है। आशंका जताई कि इसके पीछे कोई अन्य वजह हो सकती है। मृतक के पिता एवं मां ने बताया कि सोमवार को रात करीब साढ़े 10 बजे समीर ने काल कर काफी देर तक सामान्य ढंग से बातचीत की थी। माता-पिता से बातचीत के दौरान समीर ने बताया था कि उसने वार्डन के पद पर ज्वाइन कर लिया है। हालांकि उसने यह भी कहा कि वह इस पद पर ज्वाइन करना नहीं चाहता था और संस्थान के एचओडी को इस बाबत अवगत भी कराया था, लेकिन एचओडी ने एक महीने बाद ड्यूटी बदलने की बात कहकर वार्डन के रूप में ज्वाइन कराया था। इधर, समीर की मौत की सूचना से दांतू गांव में शोक की लहर है। गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो ने स्वजन से बातचीत की और ढांढ़स बंधाया। वहीं स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर नायक समेत काफी संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

## सिटी थाना इलाके से स्कूटी व हरला इलाके से चोरी हुई बाइक

जासं, बोकारो: सिटी थाना इलाके के सेक्टर वन बी 365 निवासी अमित कुमार सिंह की स्कूटी संख्या जेएच09 एएक्स-4132 उनके आवास के पास से चोरी हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की है। दूसरी घटना हरला थाना इलाके में हुई है।

सेक्टर आठ डी निवासी उमेश चंद्र मुर्मू की बाइक संख्या जेएच09 एके-9578 आवास के पास से चोरी हो गई। उमेश के जीजा हिमांशु कुमार मरांडी के नाम पर यह बाइक रजिस्टर्ड थी। पुलिस ने इस मामले में भी अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की है।


# ईएसएल स्टील लिमिटेड

( पूर्ववर्ती ज्ञात इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड )

पंजीकृत कार्यालय :- ग्राम सियालजोड़ी, पो. - जोगीडीह, ओ.पी. - बंगारिया, थाना - चंदनक्यारी, जिला - बोकारो - 828303, झारखण्ड

टेली नं: 08651-102477 वेबसाइट : https://www.eslsteel.com/; ईमेल : esl.shares@vedanta.co.in

CIN: U27310JH2006PLC012663

**सार्वजनिक सूचना - 16वीं वार्षिक आम बैठक वीडीयो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (वीसी/ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।**

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि ईएसएल स्टील लिमिटेड की 16वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कॉर्पोरेट मामलो के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामन्य पारिपत्र सं. 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022, सामान्य परिपत्र सं. 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022, सामान्य परिपत्र सं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 और सामान्य परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 के साथ पठित कम्पनी एक्ट, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग या अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (वीसी/ओएवीएम) के माध्यम से गुरूवार, 28 सितम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 10:30 बजे (आइएसटी) आयोजित की गई है।

कम्पनी की वर्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम का नोटिस कम्पनी की वेबसाइट https://www.eslsteel.com/ और के फिन टेक्नोलाजीज लिमिटेड (के फिनटेक) की वेबसाइट https://evoting.com / पर उपलब्ध है।

सदस्य केवल के फिनटेक द्वारा उपलब्ध कराए गए वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित और भाग ले सकते है या एजीएम की वेबसाइट से लाइव देख सकते है, जिसका विवरण एजीएम के नोटिस में उपलब्ध कराया गया है। कृपया ध्यान दें कि कम्पनी की 16 वीं एजीएम में व्यक्तिगतरूप से भाग लेने और उपस्थित होने की कोई आवश्यकता नहीं है और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति को ही कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। वार्षिक रिर्पोट के साथ एजीएम का नोटिस मंगलवार 5 सितम्बर 2023 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिनका ई-मेल पता कम्पनी/ डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रान्सफर एजेन्ट के साथ पंजीकृत है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार सदस्यों का रजिस्टर और कम्पनी की शेयर ट्रान्सफर बुक्स शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023 से गुरूवार 28 सितम्बर 2023 (दोनो दिन शामिल) तक बंद रहेंगे। जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे एजीएम नोटिस में उल्लिखित प्रक्रियाओं का पालन करें, और एजीएम का नोटिस और वार्षिक रिर्पोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते का पंजीकरण करें और ई-वोटिंग के लिए लॉग इन आइडी और पासवर्ड प्राप्त करें।

कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम से पहले और एजीएम के दौरान एजीएम में किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है और इस उद्देश्य के लिए, कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा के लिए के फिनटेक को नियुक्त किया है। एजीएम के लिए रिमोट ई-वोटिंग सोमवार 25 सितम्बर 2023 (सुबह 10:00 बजे) शुरू होगी और बुधवार, 27 सितम्बर 2023 (सांय 5:00 बजे) समाप्त होगी। इसके बाद एजीएम के लिए रिमोट ई-वोटिंग अक्षम कर दी जाएगी। बैठक में भाग लेनेवाले सदस्य, जो पहले ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, उन्हे बैठक के दौरान वोट देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ-तिथि अर्थात शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023 के सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वो एजीएम से पहले/उसके दौरान रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। कोई भी व्यक्ति जो शेयर प्राप्त करता है और एजीएम के नोटिस भेजने के बाद कम्पनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है वह evoting@kfintech.com पर अनुरोध भेज कर रिमोट ई-वोटिंग के लिए लॉग इन आइडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है

एजीएम के दौरान ई-वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम नोटिस मे उपलब्ध कराई गई हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान के संबंध में, किसी भी प्रश्न(नों) और शिकायत(तों) के मामले में, सदस्य सहायता और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQ) का संदर्भ लें और ई-वोटिंग यूजर मैनुअल https://evoting.kfintech.com (के फिनटेक वेबसाइट) के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध है या evoting@kfintech.com पर सुश्री सी शोभा आनन्द से सम्पर्क करें या किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए के फिनटेक के टॉलफ्री नं0 1-800-309-4001 पर कॉल करें

ईएसएल स्टील लिमिटेड के निदेशक मंडल के आदेश से

स्थान : बोकारो
दिनांक 6 सितम्बर, 2023

मनीष कुमार चौधरी
कम्पनी सकेरेट्री


## चैनपुर में मिला वृद्ध का शव, नहीं हुई शिनाख्त

जासं, बोकारो: बालीडीह थाना की पुलिस ने चैनपुर से एक वृद्ध का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस स्थानीय लोगों से मिली सूचना का हवाला दे कह रही है कि जिस वृद्ध का शव मिला, वह विक्षिप्त था। कई दिन से वह इस इलाके में घूम रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शिनाख्त के लिए शवगृह में रखा है। बताया कि 72 घंटे तक शिनाख्त नहीं हो पाने की स्थिति में पुलिस शव का अंतिम संस्कार कर देगी।

## तीन दिन बाद फंदे से वृद्ध का शव लटकता मिला

संवाद सहयोगी, चंदनकियारी: तीन दिन पूर्व लापता हुए भोजुडीह ओपी क्षेत्र के गौरीग्राम निवासी वृद्ध का शव मंगलवार को पेड़ की टहनी से फंदे के सहारे लटकता मिला। मृतक की पहचान वृद्ध घलटू महतो के रूप में हुई। शव नकटीडीह जंगल में फंदे से लटक रहा था। ओपी प्रभारी ने बताया कि दो सितंबर वृद्ध लापता था।

## घर में नया ताला जड़ चली गई बंगाल पुलिस, तकते रहे राह

संवाद सहयोगी, चंदनकियारी: पुरुलिया स्थित सेनको गोल्ड शोरूम में हुए डाकाकांड की जांच को लेकर चंदनकियारी स्थित एक मकान का ताला तोड़कर बंगाल पुलिस द्वारा सोमवार को पुरुलिया के एडिशनल एसपी चिन्मय मित्तल की अगुवाई में छापेमारी की गई थी।

इस मामले में मकान में किराए पर रहनेवाले फाइनेंसकर्मी प्रकाश कुमार व राहुल कुमार मंगलवार को लिखित शिकायत लेकर चंदनकियारी थाना पहुंचे। हालांकि उक्त युवकों के अनुसार, इस दौरान थाने में किसी पदाधिकारी के नहीं होने के कारण वह देर शाम तक चौक पर ही इंतजार करते रहे।

युवकों ने बताया कि वह धनबाद के बरमसिया में रहते हैं। मंगलवार को जब चंदनकियारी पहुंचे तो देखा कि उनके किराए के मकान में दूसरा ताला लटक रहा है। आस-पड़ोस के लोगों से पता चला कि बंगाल पुलिस ने उनके यहां छापेमारी की और नया ताला लगा दिया।

इस पर दोनों ने पुरुलिया डीएसपी समीर अधिकारी से मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि संदेह के आधार पर उक्त मकान में छापेमारी की गई थी। पुरुलिया डीएसपी ने मंगलवार को कांड के अनुसंधान के क्रम में झरिया में होने की बात कही। कहा कि लौटने के क्रम में मकान की चाबी उन्हें दे दी जाएगी।

युवकों ने बताया कि वे विगत एक वर्ष से चंदनकियारी में ही किराए के मकान में रहकर फाइनेंस कंपनी का कार्य कर रहे हैं। कहा कि बगैर कोई सूचना दिए या ग्रामीणों की मौजूदगी के बिना पुलिस द्वारा किसी के मकान में ताला तोड़कर घुसना या यहां दूसरा ताला लगाकर चाबी अपने पास रख लेना नियमसंगत नही है। युवकों का कहना है कि इसकी जानकारी पुलिस के आला अधिकारियों को दी जाएगी।

## जरीडीह क्षेत्र में दीदीबाड़ी योजना का निकला दम

संस, जैनामोड़: ग्रामीण महिलाओं को दीदीबाड़ी योजना से जोड़कर आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की पहल सरकार कर रही है, लेकिन यह योजना धरातल पर कितनी कारगर है, यह जरीडीह प्रखंड की गायछंदा पंचायत में देखने मात्र से ही पता चल जाएगा। इसकी जांच कराने के लिए गांव के ग्रामीण व चयनित लाभुकों ने उपायुक्त बोकारो, बीडीओ व बीपीओ को आवेदन दिया है।

अधिकारियों को दिए आवेदन में खलील अंसारी, हसीना बीबी, नरेश गोसाय, सरस्वती, आशा, अशोका देवी आदि ने कहा है कि योजना का लाभ देने के लिए नाम जोड़ा गया, परंतु जमीन पर आज तक योजना नहीं उतरी। कुछेक लाभुकों को अगर योजना का लाभ मिला भी है तो नाममात्र का। लाभुकों को कुछ राशि देकर कागजों पर ही योजना चलाई जा रही है। इधर मनरेगा बीपीओ दीपक कुमार ने कहा है कि शिकायत मिली है, जांच करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## कोर्ट के आदेश पर हुई धोखाधड़ी की प्राथमिकी

जासं, बोकारो: सिटी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की प्राथमिकी की है। भालोटिया एंड कंपनी के विनीत भालोटिया ने कोलकाता के रहने वाले पिता-पुत्र पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। अनुश्री साव व उनके पिता संदीप पर तीन लाख रुपये लेने व नहीं लौटाने का आरोप जड़ते हुए शिकायतकर्ता ने कोर्ट में परिवाद दर्ज कराया था। कोर्ट ने पुलिस को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया था। पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है।

# गुजर गया बेटा तो हर घर सहेज रहे यादें



आम का पौधा देते जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिमेष चौधरी • जागरण

जागरण संवाददाता, बोकारो : बोकारो सेक्टर नौ में रहते हैं जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिमेष चौधरी। मंगलवार को अधिवक्ता संघ परिसर में अपने साथी वकीलों को पौधे बांट रहे थे। बार-बार उनकी आंखें नम हो रहीं थीं। आम के करीब सौ पौधे उन्होंने बांटे। सबसे यही कह रहे थे, इनको सहेजिएगा। इन्हें हमारे बेटे की तरह ही समझिएगा। इन पौधों में ही हम उसकी छवि देखते हैं। हर घर तक हमारे बेटे की यादें पहुंचें, यही मकसद ले पौधे बांटता हूं।

अनिमेष के इकलौते पुत्र आशीष की बीमारी के कारण आठ सितंबर 2017 में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद वे टूट गए थे। हर पल बेटे की याद आंसू बहाते थे। बेटे को पौधों से बड़ा प्रेम था। हमेशा कहता था- पौधे इस धरती का आभूषण हैं। उनसे ही पर्यावरण की सुरक्षा हो सकती है। पर्यावरण संरक्षण को हमेशा सभी को जागरूक करता था। बस उन्होंने बेटे की याद में पौधों को ही अपना बेटा बना लिया। उनको लाते हैं, पोसते हैं, जब कुछ बड़ा होता है तो उसे अपने किसी साथी को देते हैं। उसे संकल्प कराते हैं कि वह पौधे की देखभाल घर के सदस्य की तरह करेगा। मित्रों ही नहीं मुवक्किलों और परिचितों को भी पौधे देते हैं। अब तक दो हजार से अधिक पौधे वितरित कर चुके हैं। वैसे तो पूरे वर्ष उनका अभियान चलता है, मगर सितंबर में वे अधिक पौधे वितरित करते हैं। इसी माह आशीष दुनिया छोड़ गया था। अनिमेष ने बताया कि बेटा आशीष भी वकील था। उ सकी मौत के बाद ख्याल आया कि बेटा तो पौधों के लिए जान दिए रहता था। तभी सोच लिया कि जिंदगी भर इनमें ही बेटे की छवि देखूंगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करूंगा। एक वृक्ष को दस पुत्र के समान बताया जाता है, मगर हमने हजारों पौधों में अपने पुत्र की छवि सहेज दी है। जब कभी किसी के घर अपना दिया पौधा फलते फूलते देखता हूं तो बेटे की याद आ जाती है।


